लंबी अवधि के प्रारूप मुझे रास आते हैं, विकेटों के बीच दौड़ने पर कोहली से सलाह लेता हूं।
-तिलक वर्मा

भारतीय बल्लेबाज, अपनी फिटनेस की सलाह को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## रॉबिन स्मिथ



**इंग्लैंड** के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन स्मिथ का 62 साल की उम्र में निधन हो गया है। स्मिथ के परिवार उनके निधन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक दिसंबर को साउथ पर्थ में अपार्टमेंट में स्मिथ का अचानक निधन हो गया। स्मिथ ने 1988 और 1996 के बीच इंग्लैंड के लिए खेले 62 टेस्ट मैचों में 43.67 की औसत से 4,236 रन बनाए, जिसमें नौ शतक भी शामिल थीं, और वह उस टीम का हिस्सा थे जो 1992 विश्वकप फाइनल तक पहुंची थी। अपनी मौत से ठीक दो हफ़्ते पहले, स्मिथ ने पर्थ के लिलाक हिल में इंग्लैंड लायंस टीम के टूर मैच के दौरान एक दोपहर उनके साथ बिताई थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर के 463 वनडे, 664 ओवरऑल इंटरनेशनल मैच और 2,278 वर्ल्ड कप रन भी विराट कोहली के लिए कभी ना पा सकने वाली चुनौती हैं।

## चोटिल ख्वाजा टेस्ट से हुये बाहर

गाबा, 2 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण गुरुवार को शुरु होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गये है। ख्वाजा

की जगह अभी किसी अन्य बल्लेबाज का चयन नहीं किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि जॉश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर की ऑस्ट्रेलियाई एकादश में वापसी हो सकी है। ख्वाजा ने मंगलवार को थोड़ी देर अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें तकलीफ हो रही थी। वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। यह देखना बाकी है कि उनकी जगह कौन ओपनिंग करेगा। मार्नस लाबुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में ओपनिंग की थी, जबकि ट्रैविस हेड ने दूसरी पारी की शुरुआत की थी। पर्थ में चौथी पारी में शानदार प्रदर्शन के बाद, हेड ने संकेत दिया है कि उन्हें ओपनिंग करने में खुशी होगी। इंग्लिस ने पिछले हफ्ते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार शतक लगाया था ऐसे में अगर उनका चयन होता है तो वह भी एक विकल्प हो सकते हैं। इंग्लिस को लाने से ऑस्ट्रेलिया को हेड को मिडिल-ऑर्डर में बनाए रखने में मदद मिलेगी। अगर वे इसके बजाय वेबस्टर के साथ जाते हैं, तो हेड के ऑर्डर में ऊपर जाने की संभावना है। वेबस्टर ने पिछले साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था। इस बीच, इंग्लैंड ने अपनी एकादश में एक बदलाव किया है और चोटिल मार्क वुड की जगह स्पिन-गेंदबाज ऑलराउंडर विल जैक्स को टीम में शामिल किया है। जैक्स, जिन्होंने दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र के दौरान लेंथ में गेंदबाजी की थी, उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर शोएब बशीर से आगे रखा गया है।

**इंग्लैंड एकादश:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

## महिला क्रिकेट टीम को जयपुर आने की फ्लाइट टिकट नहीं मिली

जयपुर, 2 दिसंबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जारी सियासी घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। एडहॉक कमेटी की अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा अब खिलाड़ियों को उठाना पड़ रहा है। इसकी वजह से राजस्थान अंडर - 23 टीम की महिला खिलाड़ी नागपुर में ही अटक गई है। उनके पास जयपुर आने के फ्लाइट की टिकट नहीं है। न ही वहां ठहरने की कोई व्यवस्था है। राजस्थान अंडर - 23 विमेंस टीम जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए नागपुर गई थी। टीम सोमवार को हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। जिसे मंगलवार को जयपुर आना था। लेकिन राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बिगड़े वित्तीय हालत के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पास विमेंस टीम के लिए फ्लाइट टिकट बुक कराने तक की व्यवस्था नहीं है। इसकी वजह से विमेंस टीम को अब नागपुर में ही परेशान होना पड़ रहा है।

## डीएलआई ने की राजस्थान ट्रॉयल्स की घोषणा, जयपुर में होगा आयोजन

जयपुर, 2 दिसम्बर। भारत की सबसे बड़ी और सबसे तेज़ी से बढ़ती टेनिस बॉल क्रिकेट लीग ड्रीम लीग ऑफ इंडिया ने राजस्थान ट्रायल्स की घोषणा की है, जिसका आयोजन 4 और 5 दिसंबर को जयपुर में किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जयपुर ट्रायल्स राधे क्रिकेट एकेडमी एंड ग्राउंड, नरसिंहपुरा, जयपुर में आयोजित होंगे, जहां सभी प्रतिभागियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 8:00 बजे निर्धारित किया गया है। दिल्ली, गुरुग्राम, ग्रेटर नोएडा, गन्नौर, मोहाली और लखनऊ में मिली जबरदस्त सफलता के बाद अब लीग राजस्थान की उभरती हुई प्रतिभाओं को खोजने जा रही है। डीएलआई जूनियर (13-18 वर्ष) और सीनियर (18 वर्ष व उससे अधिक) इन दो आयु वर्गों के क्रिकेटरों को आमंत्रित कर रहा है ताकि वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें और भारत के सबसे ऊर्जावान ग्रासरूट क्रिकेट प्लेटफॉर्म का हिस्सा बनने का मौका पा सकें। पूर्व क्रिकेटर चैतन्य नंदा ने आगामी ट्रायल्स के बारे में कहा कि, "राजस्थान हमेशा से कच्ची क्रिकेट प्रतिभा का केंद्र रहा है और हम उस बात को लेकर बेहद उत्साहित हैं कि हमें यहां क्या मिलने वाला है?

## खेलों इंडिया पहल से किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिला : क्लार्क

जयपुर, 2 दिसंबर। भारतीय टेनिस सर्किट में एक जाना-पहचाना नाम बन चुके ऑस्ट्रेलियाई कोच टॉड क्लार्क ने खेलो इंडिया पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिलता है। 2008 में भारत आने के बाद से क्लार्क ने यहां रहकर देश की संस्कृति को करीब से अपनाया है। वर्तमान में वे ओडिशा स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी में टेनिस निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। क्लार्क का कहना है कि खेलो इंडिया गेम्स ने देशभर में किशोरों को सही दिशा और उद्देश्य दिया है। क्लार्क साई मीडिया से कहा, उबाऊ किशोरावस्था से ज्यादा परेशान करने वाली कोई चीज नहीं होती। इन खेलों ने देशभर में युवाओं को खेल अपनाने, उसमें आगे बढ़ने और करियर बनाने का मौका दिया है। खेल चरित्र भी विकसित करते हैं। 30 से अधिक वर्षों से कोचिंग कर रहे क्लार्क ने भारत सरकार की फिट इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना करते हुए कहा, वर्तमान केंद्र सरकार फिट इंडिया के विचार को लेकर काफी गंभीर है। ये खेल युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएंगे और खेल ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। जयपुर में अब तक जो सुविधाएं देखी हैं, वे प्रभावशाली हैं।

# रायपुर सीरीज में अजेय बढ़त के लिए उतरेगा भारत

रायपुर, 2 दिसंबर। पहले एकदिवसीय में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारत बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़ाने उतरेगा। वहीं पिछले मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करनी वाली दक्षिण अफ्रीका के तीन मैचों की सीरीज में बराबरी का अवसर होगा।

पहले मैच में विराट कोहली के 135 रन सिर्फ एक आंकड़े से कहीं अधिक थे। यह पारी को गति देने, हालात को समझने और साझेदारी संभालने का एक मास्टरक्लास था। रोहित शर्मा का लगातार योगदान और केएल राहुल की जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की गहराई और अनुभव को दिखाती है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा प्रतिभाशाली शीर्षक्रम और मध्यम क्रम में जोश भरते हैं। यह एक ऐसा फॉर्मूला है जिसे भारत दोहराना चाहेगा। वहीं गेंदबाजी की बात करे तो कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने कंसिस्टेंसी और स्मार्ट वैरिएशन की अहमियत दिखाई। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा शुरुआती मूवमेंट का फायदा उठाने के लिए जरूरी तेज गेंदबाजी आक्रमण देते हैं, जबकि लाइट्स में पिच धीमी होने पर स्पिनर्स भी मैच जिता सकते हैं।

दक्षिण अफ्रीका की बात करे तो उसने रांची के हाई-स्कोरिंग कंडीशंस में मजबूती दिखाई। क्विंटन डी कॉक शीर्षक्रम में खतरा बने हुए हैं, जिनमें पारी की रफ़्तार तय करने में काबिल हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके, मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश ने दिखाया कि निचले क्रम में साझेदारी कर मैच का पासा पलट सकती हैं, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की गहराई और अप्रत्याशित पर दबाव पड़ता है।

नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण विविधता और भेदने की क्षमता देता है, जिससे पता चलता है कि पहले मैच में पिछड़ने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका चुपचाप नहीं खेलेगा। पिच की अगर बात की जाये तो शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम की पिच तो यह तेज गेंदबाज शुरुआती मूवमेंट हासिल कर सकते हैं, बल्लेबाजों को अपनी पारी पर ध्यान से आगे बढ़ाना होगा, और जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, स्पिनर्स खेल में आएंगे।

दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए भारत की संभावित टीम: रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा।

दक्षिण अफ्रीका टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), एडन मारक्रम, मैथ्यू ब्रीट्जके, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को जेनसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन, केशव महाराज, नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन।

## रोहित और विराट के ड्रेसिंग रूम और मैदान में होने से माहौल खुशनुमा बना रहता है : राणा

रायपुर, 2 दिसंबर। तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम और मैदान में साथ रहने से माहौल खुशनुमा बना रहता है।

विराट कोहली और रोहित शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने वाले राणा ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय से पहले कहा, "यह मेरे लिए और पूरी टीम के लिए भी बहुत बड़ी बात है। अगर ऐसे अनुभवी खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम और मैदान पर आपके साथ हों, तो माहौल बहुत अच्छा रहता है। इस समय, मैदान के बाहर - यहां तक कि ड्रेसिंग रूम में भी - पूरी टीम के लिए खुशी का माहौल होता है। हर कोई बेहतर बनना चाहता है। उनके मन में, वे हमेशा चाहते हैं कि युवा बेहतर बनें। जैसे, जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं, तो वे हमेशा मुझे बताते हैं कि बेहतर गेंदबाजी कैसे करनी है। जब किसी खिलाड़ी को इतना अच्छा टीम माहौल मिलता है, तो चीजे अपने आप अच्छी हो जाती हैं।"

उन्होंने कहा, "वे हमेशा मोटिवेटेड रहते हैं - चाहे अच्छा समय हो या बुरा। वे आपका साथ देते हैं और आपको बताते हैं कि आपको आगे क्या कदम उठाने चाहिए। एक युवा खिलाड़ी के तौर पर, इससे आपको सच में मदद मिलती है, क्योंकि जब आप मैदान पर होते हैं - दबाव वाली स्थिति में - तो वे आपकी बहुत मदद करते हैं।"

उन्होंने कहा, "नई गेंद से, मैंने गेंदबाजी कोच मॉर्कल के साथ बहुत अभ्यास किया है, और अर्शदीप सिंह से भी बहुत बात की है। उनके पास बहुत अनुभव है, और वह अभ्यास में यह बताकर मेरी मदद करते हैं कि मुझे बेहतर गेंदबाजीकैसे करनी चाहिए।" राणा ने कहा, "आप जानते हैं कि आज के क्रिकेट में गेंदबाजों को उतनी मदद नहीं मिलती। यह नियम हमारे लिए बहुत मददगार रहा है, क्योंकि वह एक पुरानी गेंद, हम हमेशा अपने दिमाग में रखते हैं। 34वें ओवर के बाद जो भी गेंद पुरानी होती है।

## लांस वाटसन-पद्मनाभ सिंह की बदौलत जयपुर ने चूंडा टीम को हराया

जयपुर, 2 दिसम्बर। पीपीसी पोलो ग्राउंड परजयपुर पोलो ओर चूंडा पोलो टीम के बीच मैच खेला गया जिसमेंजयपुर पोलो टीम ने चूंडा टीम को 6 के मुकाबले 8 गोल से हराया। जयपुर टीम की ओर से अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लांस वाटसन ने 3 गोल ओर महाराज पद्मनाभ सिंह ने भी अपनी टीम के लिए 4 गोल किये।डीनो धनखड़ ने अपनी टीम के लिए 1 गोल किया। चूंडा टीम की ओर से फ्रेडेनिक डेनियल ने अकेले ही अपनी टीम के लिए 6 गोल किये पर टीम को विजय करने में विफल रहे।

## विंडीज के गेंदबाजों का कहर, न्यूजीलैंड 231/9

क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), 2 दिसंबर। केन विलियमसन (52) और माइकल ब्रेसवेल (47) की जूझारू पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 321 रन बना लिये है। वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज दिन भर जूझते नजर आये।

आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड

की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने कप्तान टॉम लेथम के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने टॉम लेथम 85 गेंदों में 24 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद न्यूजीलैंड ने महज 25 रन जोड़कर अपने दो और विकेट गंवा दिये। रचिन रविंद्र (तीन) और विल यंग 14 रन बनाकर आउट हुये। 49वें ओवर में जेडेन सील्स ने टॉम ब्लंडल 29 को आउटकर न्यूजीलैंड को छठा झटका दिया।

## भारत ने नामीबिया को 13-0 से हराया

सैंटियागो (चिली, 2 दिसंबर। भारतीय टीम ने पूल सी के अपने पहले मैच में नामीबिया को 13-0 से रौंद कर महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप 2025 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सेंट्रो डेपोर्टिवो डे हॉकी सेस्पेड एस्टाडियो नैशनल में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम के लिए कनिका सिवाच ने (12वें, 30वें, 45वें) मिनट और हिना बानो (35वें, 35वें, 45वें) मिनट में शानदार हैट्रिक लगाकर स्कोरिंग में सबसे आगे रहीं।

## बांग्लादेश ने आयरलैंड को 8 विकेट से हराया और सीरीज भी जीती

चटगांव (बंगलादेश), 2 दिसंबर। मुस्तफिजुर रहमान और रिशाद हुसैन (तीन-तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद तंजिद हसन (नाबाद 55) और परवेज हुसैन इमॉन (नाबाद 33) की शानदार पारियों के दम पर बंगलादेश ने मंगलवार को आयरलैंड को तीसरे टी-20 मुकाबले में 38 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। तंजिद हसन को प्लेयर ऑफ द मैच और महेदी हसन को प्लेयर ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 119 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। तंजिद हसन और सैफ हसन सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े।

## आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल और मोईन

नई दिल्ली, 2 दिसंबर। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की नीलामी में भाग नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैक्सवेल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए जानकारी साझा की है कि वह आईपीएल 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि उन्होंने नीलामी से बाहर होने का कारण नहीं बताया है।

मैक्सवेल ने कहा, आईपीएल में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद इस साल नीलामी में मैंने अपना नाम नहीं डालने का फैसला किया है। यह मेरे लिए एक बड़ा निर्णय है और इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसके लिए मैं बहुत आभार के साथ यह फैसला ले रहा हूं।

उन्होंने कहा, आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के रूप में गढ़ने में मेरी मदद की है। मैं बेहद सौभाग्यशाली रहा हूं कि मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और बड़ी फ्रैंचाइजियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके साथ ही उन प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला है जिनका जुनून अद्वितीय है। भारत की चुनौती, यादें और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इन वर्षों में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। उम्मीद है जल्द आपसे मुलाकात होगी।

मैक्सवेल के अलावा मोईन अली भी आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे, फॉफ डुप्लेसी की तरह ही उन्होंने भी आईपीएल की जगह पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में खेलने का फैसला किया है।

## आर्यमन व आदित्य के शतकों से संस्कार की आसान जीत

जयपुर, 2 दिसम्बर। मैत्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित आज हुकम सिंह क्रिकेट ग्राउण्ड हाथोज में चतुर्थ डॉ. ए.पी जे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज खेले गये पूल-सी के मुकाबले में आर्यन कटारिया 122 रन नाबाद तथा आदित्य झाला 100 रन नाबाद के शतकों की बदौलत संस्कार क्रिकेट एकेडमी ने एस.जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी को 90 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर संस्कार क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आर्यन कटारिया 122 रन नाबाद (61 गेंद, 12 चौके, 7 छक्के) तथा आदित्य झाला 100 रन नाबाद (59 गेंद, 12 चौके, 3 छक्के) की शानदार बल्लेबाजी तथा पहले विकेट पर 233 रन की अविभाजित साझेदारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में बिना कोई विकेट गवाये 233 रन बनाये। जवाबी पारी में एस जे. स्कूल क्रिकेट एकेडमी ने दिनेश मीणा 88 रन (57 गेंद, 10 चौके, 4 छक्के), शुभम खण्डेलवाल 13 रन, उमेश मीणा 11 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 143 रन बनाये। गेंदबाजी में संस्कार क्रिकेट एकेडमी की ओर से अभिषेक यादव 16 रन पर 3 विकेट, रितिन चौधरी 23 रन पर 2 विकेट, आदित्य झाला व योगेश सैनी प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच आर्यमन कटारिया संस्कार क्रिकेट एकेडमी रहे।

## सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने उत्तराखंड को हराया

### राजस्थान की जीत में दीपक, अशोक, मानव चमके

जयपुर, 2 दिसम्बर। अहमदाबाद में खेली जा रही सैयद मुशताकअली टी20 ट्रॉफी के आज खेले राजस्थान - उत्तराखण्डमैच में राजस्थान 73 रनो के विशाल अंर्तसे जीता, राजस्थान की जीत में दीपक हुड्डा, अशोक शर्मा, मानव सुथार चमके। राजस्थान पारी 193/8, टीम के लिएदीपक हुड्डा नाबाद 90 रन ( 50 गेंद, 10 चोक्के, 3 छक्के ), महिपाल लोमरोर 26, भरत शर्मा 24, कार्तिक शर्मा 18 रन।उत्तराखंड के गेंदबाज राजन 37/4, तिवारी 33/2 विकेट। उत्तराखंड पारी 120 आल आउट। टीम के लिए शाश्वत 25 व राजन 24 रन।राजस्थान के गेंदबाज अशोक शर्मा, मानव सुथार, कमलेश नागरकोटी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। अशोक शर्मा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट प्राप्त किये। अशोक शर्मा 16/4, मानव सुथार 21/3, कमलेश नागरकोठी 32/2 व राहुल चाहर 29/1 विकेट प्राप्त किये।

### बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में जतिन का नाबाद शतक

जयपुर, 2 दिसम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान - विधर्भ अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन राजस्थान ने विधर्भ के विरुध्दपहली पारी में विशाल बढ़त प्राप्त की, राजस्थान के बल्लेबाज जतिन का नाबाद शतक व आदित्य सैनी, कुशाग्र ओझा, रजत बघेल, रक्षित लुनावत, नावेद खान की शानदार बल्लेबाजी।विधर्भ पहली पारी 186 आल आउट। राजस्थान के गेंदबाज जतिन 16/3, नावेद खान 15/2, प्रखर शर्मा 46/2, हनी प्रताप सिंह, अभिषेक 1-1 विकेट। राजस्थान पहली पारी 381/9,आज दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने जतिन सैनी की नाबाद शतकीय पारी व आदित्य सैनी, कुशाग्र ओझा के अर्धशतकों की सहायता से 9 विकेट के नुकसान पर 381 रन बनाते हुए पहली पारी में विशाल बढ़त प्राप्त कर टीम को मजबूत स्तिथि में पहुँचाया। टीम के लिए जतिन नाबाद 114, आदित्य सैनी 57, कुशाग्र ओझा 53, रजत बघेल 41, रक्षित लुनावत 38, नावेद खान 32 व प्रखर शर्मा 11 रन। विधर्भ के गेंदबाज सार्थक 69/3, इकनूर 84/2 विकेट।

## मनोज एस ने 63 का स्कोर बनाकर बढ़त हासिल की

जयपुर, 2 दिसंबर। सत्रह साल के नए खिलाड़ी मनोज एस ने जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इवेंट विक्टोरियस चॉइस प्रेजेंट्स जयपुर ओपन 2025 पावर्ड बाय शुभाशीष होम्स में पहले राउंड में सात-अंडर 63 का स्कोर बनाकर बढ़त हासिल की। बेंगलुरु के मनोज एस, जो पीजीटीआई में अपने पिछले आठ स्टार्ट्स में छह टॉप-10 में रह चुके हैं, ने मंगलवार को भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और एक बोगी के मुकाबले आठ बर्डी लगाईं। शौर्य भट्टाचार्य, दिव्यांशु बजाज, कुशल सिंह और अर्जुन प्रसाद ने छह-अंडर 64 का स्कोर बनाकर लीडर के ठीक पीछे दूसरे स्थान पर रहे। पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर युवराज संधू ने अपने हफ्ते की शुरुआत 65 के स्कोर के साथ की, जिसमें लगातार पांच बर्डी की गोल्डन रन शामिल थी।

## बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर जिम्नासिया क्लॉसुरा सेमीफाइनल में

ब्यूनस आयर्स, 2 दिसंबर। मैनुअल पानारो और फ्रैंको टोरेस ने दोनों हाफ में किए गये गोलों की बदौलत जिम्नासिया ने बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

# केआईयूजी 2025 : सुरभि राव ने महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल में गोल्ड जीता

## राहुल (पुरुषों की 20 किमी. रेस वॉक) और दीपिका (महिलाओं की जेवलिन थ्रो) ने स्वर्ण जीता

जयपुर, 2 दिसंबर. चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के राहुल (पुरुषों की 20किमी रेस वॉक) और दीपिका (महिलाओं की जेवलिन थ्रो), स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के रुचिर मोरी (पुरुषों की 400मी बाधा दौड़), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की पूजा (महिलाओं का हाई जंप) ने मंगलवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में जारी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में एथलेटिक्स मुकाबलों के दूसरे दिन केआईयूजी मीट रिकॉर्ड तोड़े।

केआईयूजी 2025 का पांचवां संस्करण राजस्थान के सात शहरों में हो रहा है। 222 यूनिवर्सिटी के 4448 एथलीट 23 मेडल वाले खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। ये गेम्स स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अंडर राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल के साथ मिलकर हो रहे हैं और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी इसे होस्ट कर रही है।

सुबह के सेशन में, राहुल ने 20 किमी रेस वॉक में शुरू से आखिर तक लीड किया और घड़ी को 1:25:43.00 पर रोक

दिया, जिससे पंजाबी यूनिवर्सिटी के अक्षदीप सिंह के 2022 में बनाए गए 1:26:44.00 के पिछले रिकॉर्ड में सुधार हुआ। जननायक चंद्रशेखर यूनिवर्सिटी के सूरज यादव ने 1:30.06.50 के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि बाकी दो प्रतिभागी अयोग्य घोषित हो गए।

बाद में, स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के रुचिर मोरी ने रानी चन्नम्मा यूनिवर्सिटी के अमरनाथ डी के 51.76 सेकेंड के पहले के केआईयूजी मार्क में सुधार किया और घड़ी को 51.00 सेकेंड

पर रोक दिया, क्योंकि वह इस इवेंट में अकेले रनर थे, इसलिए रिकॉर्ड बना रहेगा लेकिन उन्हें गोल्ड मेडल नहीं दिया जाएगा। इसके बाद ज्योति ने 1.77 मीटर की ऊंचाई पार करके हाई जंप में गोल्ड जीता, जिससे ठोसेना मर्ली के पिछले केआईयूजी रिकॉर्ड में एक मीटर का सुधार हुआ। गुरु काशी यूनिवर्सिटी की ख्याति माथुर (1.71 मीटर) ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि अन्ना यूनिवर्सिटी की गिजी जॉर्ज स्टीफन (1.68 मीटर) ने ब्रॉन्ज़ मेडल जीता।

इसके बाद दीपिका रिकॉर्ड तोड़ने वालों की लिस्ट में शामिल हो गईं। उन्होंने 55.53 मीटर की दूरी तक जेवलिन फेंककर गोल्ड मेडल जीता। इससे पहले का रिकॉर्ड चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी की ज्योति के नाम था, जिन्होंने 53.16 मीटर की दूरी तय की थी। पिछले संस्करण के केआईयूजी चैंपियन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को कैनो और कयाकिंग में सात गोल्ड मेडल सहित 11 गोल्ड मेडल जीते, जिससे उनके गोल्ड मेडल की संख्या 22 हो गई। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी एथलेटिक्स में दो गोल्ड मेडल जीतकर 23 गोल्ड मेडल के साथ अपना तीसरा स्थान और पक्का कर लिया। जगतपुरा शूटिंग रेंज में, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की सुरभि राव ने महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल इवेंट में कुल 238.9 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। मानव रचा यूनिवर्सिटी की वाणी कौशल ने 237.6 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी की लक्षिता ने 216.8 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता।

सुरभि ने साई मीडिया को बताया, मुझे खुशी है कि मैंने आज गोल्ड जीता क्योंकि यह यूनिवर्सिटी गेम्स में मेरा आखिरी मौका था। मुझे खुशी है कि मैंने गोल्डन नोट पर खत्म किया।पुरुषों का हॉकी फ़ाइनल गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बीच खेला जाएगा, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में एक जैसी जीत दर्ज की थी। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने बेंगलुरु सिटी यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराया, जबकि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराया।